हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 सितंबर 2025

04 टीटी जैन पाठशाला ग्राउंड में जितू खरे की भजन संध्या ...



07 एनएच बोली नपा ने बिना अनुमति तोड़ा नाला...





## खबर संक्षेप

### दो से अधिक शस्त्र रखने वालों को अतिरिक्त शस्त्र जमा करने के निर्देश

**सागर।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा आर्म्स एक्ट 1959 के अंतर्गत निर्देश जारी किए गए हैं कि दो से अधिक शस्त्र रखने वाले लायसेंसधारी अपने अतिरिक्त शस्त्र जमा करें। मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग के आदेशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संदीप जी आर ने जिले के ऐसे सभी लायसेंसधारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अतिरिक्त शस्त्र संबंधित थाना या अधिकृत डीलर के पास जमा करें। जमा की पावती और लायसेंस पुस्तिका सहित उन्हें 03 अक्टूबर तक जिला कार्यालय की शस्त्र शाखा में उपस्थित होना अनिवार्य है, ताकि शस्त्र पंजी से अतिरिक्त शस्त्र विलोपित किए जा सकें।

### एमपी ट्रांसको में विभिन्न श्रेणियों पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा संपन्न

**सागर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में जनवरी 2025 मे जारी विज्ञापन के तहत विभिन्न पदों की भर्ती के पहले चरण की ऑनलाइन परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में 565 पदों के लिए कुल 19,905 उम्मीदवार सम्मिलित हुए। परीक्षा प्रदेश के सात शहरों के 11 केंद्रों पर 22 से 24 सितंबर तक आयोजित की गई, जिसमें सहायक अभियंता (ट्रांसको), कनिष्ठ अभियंता , कनिष्ठ अभियंता (सिविल), सबस्टेशन अटेंडेंट एवं सर्वेयर अटेंडेंट के पद शामिल थे। भर्ती हेतु कुल 26,079 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, किंतु मुख्य परीक्षा में 19,905 ही उपस्थित हुए। इनमें सहायक अभियंता (ट्रांसको) के 3,125, कनिष्ठ अभियंता (ट्रांसको) के 6,710, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 1,326, सबस्टेशन अटेंडेंट के 8,663 तथा सर्वेयर अटेंडेंट पद के लिए 71 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

### 5 अक्टूबर को द्वारका धीश रवाना होंगे यात्री

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मां वैष्णोदेवी तीर्थ में अतिवृष्टि के कारण जगह जगह रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से यात्रा वैष्णोदेवी के स्थान पर अब यात्रा द्वारकाधीश हेतु प्रस्तावित की गई हैं। जिस कारण आज दिनांक 26 सितम्बर को होने वाली तीर्थदर्शन वैष्णोदेवी की लॉटरी आगामी दिनांक तक स्थगित की जाती हैं जिसकी सूचना शीघ्र ही दी जावेगी।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**सागर।** शासन द्वारा चला जा रहे सेवा पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा) के तहत आज दिनांक 25 सितंबर को महाविद्यालय केसली में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ. आभा जैन की अध्यक्षता में विकसित भारत 2047 विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण निरंतर जारी

**सागर।** नशीली दवाओं के विक्रय को रोकने कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर गठित दल जिसमे औषधि निरीक्षक, नायब तहसीलदार, पटवारी संम्मिलित है, के द्वारा की जा रही मेडिकल स्टोर्स की जांच की जा रही है। दल द्वारा सागर जिले में नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर के नेतृत्व में दल के द्वारा जिले की मेडिकल स्टोर्स की जांच कर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में लगातार आज देवरी के मेडिकल स्टोर का निरिक्षण जाँच दल द्वारा किया गया। निरिक्षण के दौरान लख्मीचंद खूबचंद मेडिकल पर दवाओं के बिक्री बिल मौके पर प्रस्तुत नहीं किये गए नारकोटिक्स दवाओं के खरीदी बिक्री बिल 3 दिन मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

---

**दिव्यांगजन किसी भी प्रकार से समाज के बोझ नहीं हैं, बल्कि वे विशेष प्रतिभा के धनी है : शैलेन्द्र जैन**

# सांकेतिक भाषा दिवस पर दिव्यांगो ने दिखाई अपनी प्रतिभा विधायक शैलेंद्र ने बच्चों को दिए प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय दृष्टिहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडित पुरा सागर द्वारा रविंद्र भवन में विशेष सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन उपस्थित रहे, प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य प्रदर्शनी आयोजित की गई।

विधायक शैलेंद्र जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन किसी भी प्रकार से समाज के बोझ नहीं हैं, बल्कि वे विशेष प्रतिभा के धनी हैं। सरकार निरंतर योजनाओं और नवाचारों के माध्यम से उनके जीवन को सरल एवं सम्मानजनक बनाने का प्रयास कर रही है। सांकेतिक भाषा, दिव्यांग जन और सामान्य जन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है, जो न केवल शिक्षा बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में दिव्यांगों को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। समाज की सच्ची शक्ति तभी प्रकट होती है जब उसमें हर वर्ग को समान अवसर मिले। हम सबका यह दायित्व है कि दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग करें।

उन्होंने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए यह भी कहा कि आज के युग में दिव्यांगजन भी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। चाहे शिक्षा हो, खेल हो या कला-संस्कृति, दिव्यांगजन अपनी मेहनत और लगन से नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं। हमें उन्हें केवल सहयोग ही नहीं, बल्कि उनका मार्गदर्शन कर आत्म विश्वास से भरना होगा।

कार्यक्रम में दिव्यांगजन सहित लगभग 250 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय सागर डॉ. डी.एस. यादव ने किया और आभार प्रदर्शन भी उन्हीं द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रहलाद राय, शानू हर्षे सहित अन्य सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### पूर्व प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के जन्म जयंती पर सेवादल ने किया याद

**सागर।** तीनबत्ती स्थित कांग्रेस सेवादल कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का जन्मदिन मनाया गया। यहां उपस्थित सेवादल परिवार जनों ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण कर और उनकी उपलब्धियों को याद कर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्य में देश में कई नए गाथाएं लिखी गई। उनके नेतृत्व में देश के किसानों का 70000 हजार करोड़ का ऋण माफ किया गया था। देश ही नहीं दुनिया के जाने-माने अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा। उन्होंने भारत के सभी वर्गों के हित, प्रगति व कल्याण को ध्यान में रखकर कई जनहितैषी नीतियां बनाई, जो आज भी आम आदमी के जीवन में सहूलियत दे रहा है। वे भारत में आर्थिक समृद्धि के सूत्रधार रहे हैं। इस अवसर पर पवन घोषी, प्रवीण यादव, अन्नू घोषी, अंकुर यादव, लकी पंडा, गोलू सेन, आकाश नामदेव, पप्पू सैन, अमन नामदेव, पीयूष सेन, रवि जैन, तरूण सैनी, पप्पू सैनी आदि उपस्थित रहे।



### महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़ाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान में एकीकृत परामर्श जांच केंद्र (आईसीटीसी) रहली द्वारा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में एचआईवी / एड्स जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिन्हा ने की। कार्यक्रम में आईसीटीसी के परामर्शदाता प्रदीप कुमार ताम्रकार ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके तथा एचआईवी जांच एवं उपचार आदि के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में ही उपस्थित नितिन ने बताया कि उमंग स्वास्थ्य केंद्र, गढ़ाकोटा में विद्यार्थी शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान के लिए निःशुल्क परामर्श ले सकते है। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ के साथ स्वयंसेवक दुर्गेश अहिरवार, अतुल तिवारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री आकृति खरे एवं विनोद बागड़े ने किया,आभार बृजलाल अहिरवार ने माना।

### विश्वविद्यालय के औषधि विज्ञान विभाग द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के औषधि विज्ञान विभाग में विश्व फार्मासिस्ट दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया, जिसमें संकाय और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी और डॉ. हरीसिंह गौर जी के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई, जो ज्ञान और बुद्धि के प्रतीक हैं। इस अवसर पर विभाग के प्रमुख प्रो. उमेश पटिल ने फार्मासिस्ट के व्यवसायिक आचार, अनुशासन, समय पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक फार्मासिस्ट के लिए समय का सही उपयोग, दायित्वों के प्रति सजगता और पेशेवर नैतिकता अत्यंत आवश्यक हैं।

# स्वस्थ भारत और विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है: अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




सेवा हम सभी के जीवन का हिस्सा बन जाना चाहिए। इसे अपने स्वभाव और आदतों में शामिल कर लें। सेवा पखवाड़ा एक उत्सव की तरह है जिसके माध्यम से हमारा सेवाभावी व्यक्तित्व प्रकट होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से आयोजित भाजपा के सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत खुरई में सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर में युवा नेता अविराज सिंह ने यह उद्गार व्यक्त किए।

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अपने आप में सेवा का एक बड़ा उत्सव है। महात्मा गांधी जी ने कहा था कि स्वयं को खोजने का सबसे अच्छा माध्यम है अपने जीवन को दूसरों की सेवा में समर्पित करना। अविराज सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में भाजपा के हम सभी कार्यकर्ता राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। हमें सेवा की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाना है। हमें सेवा पखवाड़ा के बाद भी निरंतर वृक्षारोपण स्वच्छता या रक्त दान शिविर आयोजित करना हैं। हमारा यह प्रयास हो कि निरंतर सेवा करें।

अविराज सिंह ने कहा कि रक्तदान शिविर सबसे महान सेवा कार्य है। उन्होंने कहा कि जो अन्न दें वो अन्नदाता जो धन दे वो धनदाता, जो विद्या दे वो विद्यादाता लेकिन जो रक्त दे वो जीवन दाता। जब हम एक यूनिट रक्त देते हैं तो उससे तीन से चार लोगों का जीवन बचाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में हर साल एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत होती है। लेकिन 75 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। देश में 25 लाख यूनिट रक्त की कमी है। इस रक्त की कमी से हर साल हजारों लोग अपनी जान गवांते हैं। रक्तदान शिविर ही इस कमी को पूरा करने के सबसे अच्छे माध्यम हैं। रक्तदान महादान है जिसका दूसरा कोई विकल्प नहीं है। रक्तदान से राष्ट्र के अलावा हमें स्वयं भी लाभ होता है। हमारे स्वास्थ्य को लाभ होता है।

अविराज सिंह ने कहा कि उन्हें इस बात पर प्रसन्नता और गर्व है कि मेरे पिताजी निरंतर 11 वर्षों से अपने जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं। जिसमें वर्तमान तक 13112 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। अतः हमें निरंतर रक्तदान शिविर में भाग लेना है। इससे स्वास्थ्य भारत का सपना पूरा होगा। राष्ट्र निरंतर प्रगति करेगा। हम सब मिलके स्वास्थ्य भारत के माध्यम से ही 2047 तक अपने राष्ट्र को एक विकसित राष्ट्र बनायेंगे। और मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरू के रूप में स्थापित होगा।

#### रक्तदान ही महादान है

युवा नेता अविराज सिंह भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ झंडा चौक से महाकाली मंदिर तक जीएसटी बचत उत्सव एवं स्वदेशी अभियान जन संपर्क में शामिल हुए। उन्होंने जीएसटी को भारत की अर्थव्यवस्था को सरल, पारदर्शी और मजबूत बनाने वाला सुधार बताया। उन्होंने कहा कि इससे एक देश, एक कर, एक बाजार का सपना साकार हुआ है। जीएसटी केवल एक कर सुधार नहीं, बल्कि भारत के प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ने का प्रतीक है। राहुल चौधरी नगर मंडल अध्यक्ष, जमना प्रसाद जनपद अध्यक्ष, रविन्द्र राजपूत ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।




### नपा द्वारा लोक कल्याण मेले का हुआ आयोजन

**रहली।** शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद रहली के द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में पुनर्गठित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रथम चरण में 15,000, दूसरे चरण में 25,000 और तृतीय चरण में 50,000 का लोन दिया गया । इस योजना का लाभ उठाने के लिए पथ विक्रेता, नगर पालिका परिषद रहली की एनयूएलएम शाखा से संपर्क कर सकते हैं । यह योजना छोटे व्यापारी और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए आत्मनिर्भता की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुई है ।



### विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया

**रहली।** सेवा पर्व के तहत नमो वन की परिकल्पना वन परिक्षेत्र गढाकोटा दक्षिण वनमण्डल सागर व्दारा माध्यमिक विद्यालय ग्राम छपरा विद्यालय परिसर मै पौधरोपण किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय परिसर को हरियाली से सजाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। राधा मारवी के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक दीपेश सोनी, सपना कुर्मी एवं अभिषेक तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बीट अधिकारी महेश कुमार चौबे एवं जगदीश ठाकुर भी उपस्थित रहे।

---

**हिंदी अंतःकरण की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है : कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर**

# व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए भाषायी रूप से समृद्ध होना बुनियादी आवश्यकता है: मानेन्द्र परिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के राजभाषा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विश्वविद्यालय की राजभाषा कार्यान्व यन समिति की तिमाही बैठक एवं हिंदी पखवाड़ा-2025 का 'पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह' विश्वविद्यालय के गौर समिति कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सागर के युवा एवं ऊर्जावान जेल अधीक्षक मानेन्द्र सिंह परिहार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने की।

कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य देते हुए संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने कहा कि हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए हम सभी कटिबद्ध हैं और वह दिन दूर नहीं जब हिंदी न केवल राष्ट्रभाषा बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनेगी। उन्हों ने बताया कि हिन्दी का प्रचार-प्रसार न केवल देश में बल्कि पूरे विश्वक में हो रहा है। स्पोनिश भाषा को पछाड़ते हुए हिंदी वैश्विक प्रसार के मामले में तीसरे पायदान पर पहुंच चुकी है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हिंदी पखवाड़ा में हुए विभिन्न गतिविधियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि पखवाड़े के दौरान केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों से लेकर विश्विविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों सभी के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। अध्यक्ष की अनुमति से राजभाषा कार्यान्वियन समिति की कार्यसूची पर चर्चा करते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय के कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी के प्रयोग की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। समिति ने हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की तथा महत्वपूर्ण संकल्प पारित किए।

मुख्य अतिथि मानेन्द्र सिंह परिहार ने हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन के बारे कहा कि यह एक सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी आयोजन है। उन्होंने कहा कि हिंदी रोजगार की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हमारे अनेक युवा हिंदी माध्यम में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। इसलिए अब यह आवश्यक है कि पूर्ण आत्मविश्वास के साथ हिंदी का प्रयोग किया जाए। सरकार भी अपने स्तर पर इस दिशा में अपने प्रयास तो कर रही है लेकिन इसमें नागरिक समाज और स्थानीय प्रशासन की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। उन्हों ने इस दिशा में विश्विविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं उसके प्रभारी अधिकारी सोहगौरा के प्रयासों को अनुकरणीय बताया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस.ठाकुर ने कहा कि हिंदी हमारे स्व्प्नों की और अंतःकरण की भाषा है। हम अपने हर्ष और विषाद की अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में ही करते हैं। आवश्यकता है तो इसे अपने कार्यालयीन व्यवहार में भी अधिकाधिक प्रयोग किए जाने की। विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार और बढ़ावा देने के लिए त्वरित गति से प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा पदक एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कृार विजेताओं में सहायक कुलसचिव दीपक कुमार शाक्य, राजकुमार पाल, ए. लक्ष्मी, राजू प्रसाद, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ से डॉ. रूपेन्द्रा चौरसिया एवं सचिन सिंह गौतम, कर्मचारियों में अंकित जैन, अभिनव अग्निहोत्री, शिवानी चौरसिया तथा विद्यार्थियों कु. वेदिका दुबे, कार्तिक चौरसिया एवं रचित श्रीवास्तव सहित हिन्दी विभाग की अध्यक्ष प्रो. चंदा बैन, कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय, डोआ प्रो. विनोद भारद्वाज, प्रो. यू.के. पाटिल, पुस्तिकालयाध्यक्ष डॉ. मोहन टी.ए., डॉ. आर.टी. बेद्रे, केवी- 04 से प्राचार्य आर.एस. वर्मा एवं योगेन्द्र कुमार सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशाओं के अधिष्ठातागण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन कुलसचिव डॉ. सत्यपप्रकाश उपाध्याय ने दिया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के अभिषेक सक्सेना ने किया। विशेष सहयोग विनोद रजक का रहा।



सागर। मुख्यमंत्री डॉं मोहन सिंह यादव के जैसीनगर आगमन पर जैसीनगर जनपद क्षेत्र से जिलापंचायत सदस्य अर्पणा यादव ने सीएम से क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में चर्चा की एवं विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। सीएम यादव ने शीघ्र निराकरण का आश्वाशन भी दिया।

### खुरई में डीएपी उर्वरक का अवैध भंडारण करने पर एफआईआर दर्ज

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में खुरई में डीएपी उर्वरक का अवैध भंडारण करने पर ग्राम बेरी थाना खुरई ग्रामीण निवासी प्रताप पिता विमानसिंह पटेल पर एफआईआर दर्ज की गई। एसडीएम खुरई ने बताया कि खाद उर्वरक निरीक्षण के दौरान एक खाली मकान की तलाशी में इफको कम्पनी की 99 बोरी संदिग्ध पायी गई है। इन बोरियो का बिना किसी बिल के अवैध भण्डारण किया गया है। मौके पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा खाद का सैंपल लिया गया। मौके पर प्रताप पटेल को बुलाकर उर्वरक के बारे में संपूर्ण पूछताछ की जिनमें प्रताप सिंह द्वारा उर्वरक को ठेके की जमीन में उपयोग करने हेतु भण्डारित करना बताया लेकिन उर्वरक के श्रोत, विक्रेता बिल आदि की कोई जानकारी नहीं बतायी गई। इसके संबंध में प्रताप पटेल को नोटिस जारी कर स्पष्टिकरण चाहा गया है। मौके पर पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि प्रताप पटेल ने अवांछित श्रोत से उर्वरक कृय किया है जिसके असली होना संदेह जनक है। खाद उर्वरक की सैम्पलिंग की कार्यवाही की गई एवं भण्डारण स्थल को सील किया गया।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3173
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2769
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2461
उच्चतम भाव- 2470
चना
न्यूनतम भाव-1816
उच्चतम भाव-3600
मसूर
न्यूनतम भाव-4780
उच्चतम भाव-7650
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2826
उच्चतम भाव- 3000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2430
उच्चतम भाव-4490
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6800
मूंग
न्यूनतम भाव-2010
उच्चतम भाव-4900
उड़द
न्यूनतम भाव-4150
उच्चतम भाव-6101
बटरी
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-3750
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव- 1800

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7777 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### 251 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली



**गंजबासौदा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष माँ शारदा उत्सव समिति के तत्वावधान में धर्म कांटा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से विशेष चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। यात्रा में 251 फीट लंबी चुनरी को सैकड़ों महिलाओं ने अपने हाथों में थामा। यात्रा के आगे डीजे की धुन पर भक्ति गीत बज रहे थे। युवतियां नृत्य करते हुए चल रही थीं और महिलाएं भजन गा रही थीं। चुनरी यात्रा बरेठ रोड से होते हुए जय स्तंभ चौराहे से सिटी मार्केट होते हुए श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर पहुंची। चुनरी यात्रा के समापन पर 251 फीट लंबी चुनरी मां शीतला को अर्पित की गई। मुख्य मार्गों पर कई सामाजिक संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया।

# टीटी जैन पाठशाला ग्राउंड में जित्तू खरे की भजन संध्या सुनने उमड़ा जनसैलाब








हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री नवदुर्गा उत्सव समिति पाठशाला परिवार के तत्वावधान में विशाल भजन संध्या एवं लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को रात्रि के समय पाठशाला ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। जिसमें प्रसिद्ध लोक गायक जित्तू खरे बादल और उनकी टीम की नेहा, राधा, कौशल्या द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दीं गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जित्तू खरे द्वारा गणेश वंदना और माताजी के भजन सबकी चल रही रोटी, भाजी शीतला माता स्वयं विराजी से की गई। भजन संध्या के दौरान जित्तू खरे ने कण कण में बसत हैं श्रीराम, बासौदा में मिल गए चारों धाम सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सभी नगरवासियों को नवदुर्गा उत्सव की शुभकामनाएं दीं और इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहने की बात कही। इस मौके पर नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, डॉ. राकेश सिंह जादौन, राजेश तिवारी, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक, तारण तारण जैन पाठशाला परिवार, श्री नवदुर्गा उत्सव समिति एवं नगर के युवा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रोतागण मौजूद रहे। भजन संध्या एवं लोकगीत का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। कार्यक्रम का संचालन आशीष दुबे ने किया एवं आभार नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने व्यक्त किया।

## पुलिस महकमे के ढुलमुल रवैए से अपराधियों के हौसले बुलंद

# दो पक्षों की भिड़ंत में पुलिसकर्मी गंभीर घायल, एसपी ने रखा 10 हजार इनाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जिसके चलते वह आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। रात्रि के समय डायल 112 पर तैनात प्रधान आरक्षक पर एक युवक द्वारा हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डायल 112 पर बुधवार की शाम को वार्ड क्रमांक 3 में विवाद की सूचना मिली, तो गाड़ी में तैनात प्रधान आरक्षक भीम सिंह किरार वार्ड नंबर तीन स्थित नई बस्ती पहुंचे जहां पर विवाद कर रहे धर्मेंद्र रैकवार ने अचानक ही प्रधान रक्षक भीम सिंह किरार पर हमला कर दिया। हमले में प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने भीम सिंह को तत्काल उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रधान आरक्षक की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया। पुलिसकर्मी पर हमले की जानकारी लगने के बाद भारी भरकम पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं आरोपी की तलाश की जा रही है।

112 के चालक राजाराम ने बताया कि आरोपी धर्मेन्द्र रैकवार अपनी मां के साथ मारपीट कर रहा था, तो उसके छोटे भाई शिवम रैकवार ने 112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस जैसे ही मौके पर पहुंची वैसे ही आरोपी ने हमला कर दिया जिसमें प्रधान आरक्षक भीम सिंह किरार गंभीर घायल हो गए। उक्त मामले में थाना प्रभारी संजय बेदिया का कहना है कि आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 109, 132, 121(1), 221 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है, आरोपी की तलाश की जा रही है। उधर इस घटना की जानकारी लगते ही एसपी रोहित काशवानी ने आरोपी की सूचना देने वाले को 10000 रुपए के इनाम की घोषणा की है। वहीं समीपस्थ ग्राम चौरावर में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद में मारपीट होने पर दोनों पक्ष की तरफ से लोग घायल हुए हैं, जिनको शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ही पक्ष देहात थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम चौरावर में बेलदार व अहिरवार समाज के बीच झगड़ा हो गया। सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल प्रारंभ की दोनों पक्ष जन चिकित्सालय व थाने में लाया गया। एक पक्ष बेलदार समुदाय का है वहीं दूसरा पक्ष अहिरवार समाज का है। अहिरवार समाज के घायल युवक ने बताया कि मुस्लिम बेलदार समाज के युवकों ने पहले पत्नी से अभद्रता की फिर मेरे साथ व पत्नी के साथ मारपीट की है। वहीं मुस्लिम बेलदार पक्ष ने अहिरवार समाज के लोगों पर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि प्रधान आरक्षक पर हमला करने वाले आरोपी की तलाश की जा रही है। वहीं दो पक्षों में विवाद के मामले में अहिरवार पक्ष की महिला की शिकायत पर दूसरे बेलदार पक्ष पर धारा 354 की कार्रवाई की गई है।

## स्थापना दिवस पर स्वयं सेवकों ने की गोसेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई द्वारा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिन युवाओं को सामुदायिक सेवा में भाग लेने और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के माध्यम से व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए रासेयो की भूमिका पर प्रकाश डालता है। इस अवसर पर बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा ने गांधी के जीवन दर्शन तथा स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवक ओम रघुवंशी, लक्ष्य रघुवंशी ने समाज सेवा के साथ-साथ समस्त प्राणियों की सेवा को भी जीवन का आधार बताया। इस अवसर पर रासेयो के स्वयंसेवक छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रातः काल विद्यालय में आते समय स्वयंसेवक छात्र यतीश मिश्रा, देवांश माथुर, ओम रघुवंशी और लक्ष्य रघुवंशी ने मनसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास घायल अवस्था में पड़ी गौ माता को देखा तो न केवल उसका उपचार करवाया, बल्कि उसे गौशाला भेजने में सहायता भी की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों को इसमें शामिल करने के लिए, सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## सैंट एसआरएस में मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने स्वयं सेवकों को बताया कि कक्षा 11 और 12 में आप स्वयंसेवक बनने की प्रक्रिया में है। किसी भी कार्य को औपचारिक रूप से ना करके यदि आप उसमें समग्र समाहित होते हैं, तो ही स्वयंसेवक का दायित्व पूरा होता है। जैसा कि स्वयंसेवक शब्द में ही छुपा है स्वयं का सेवक अर्थात स्वयं के द्वारा समाज की सेवा करना। हमारी संस्था का उद्देश्य भी व्यक्ति के निर्माण से युग का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति एनएसएस विद्यार्थियों के व्यक्तित्त्व निर्माण कर पूरा करता है। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने एनएसएस का महत्व और उसके उद्देश्य को स्वयंसेवकों के सामने रखा। बालक इकाई प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने बताया कि एनएसएस में मैं नहीं, आप का भाव जाग्रत करना है। इसी उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयां स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं। एनएसएस की बालिका इकाई अधिकारी रजनी गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए एनएसएस के उद्देश्य, लक्ष्य एवं आदर्श पुरुष विवेकानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्यगीत की प्रस्तुति दी।

## महापुरुषों की मनाई गई जयंती एवं पुण्यतिथि



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से गुरु नानक जी की पुण्यतिथि, संत हिरदाराम जी की जयंती एवं महाराजा अग्रसेन जी की जयंती मनाई गई। वहीं देश के प्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर पाठक संघ के विभिन्न पदाधिकारी सहित सभी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी जी ने किया। इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने रामधारी सिंह दिनकर, गुरु नानक जी एवं संत हिरदाराम जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सदी का जननायक बताया और उनके सिद्धांत और आचरणों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं पर वाचनालय के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने भी इनके संस्मरणों को साझा किया और उनके बताइ मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वहीं लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने सभी आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। एग्रीकल्चर कॉलेज के एनसीसी के प्रभारी डॉक्टर सतीश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके प्रेरणादाई उद्बोधनों को बताते हुए उनके जीवन चरित्र को विस्तार से बतलाया। इस अवसर पर सतीश पाराशर, ओपी साहू, सनमान सिंह, चंद्र प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रक्त परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय एसजीएस पीजी महाविद्यालय द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के निर्देशन में तथा एनएसएस इकाई के प्रभारी घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में गोद ग्राम हतोड़ा में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गोद ग्राम के स्थानीय निवासियों का रक्त परीक्षण किया गया। रक्त परीक्षण के माध्यम से एनीमिया, ग्रुप आदि की जांच की गई। साथ ही ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई।

इसके अतिरिक्त जांच करने आए ग्रामीणों को आयरन दवाइयां भी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की सहायता से आयोजित किया गया है। जिसमें डॉक्टर रुचि के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित रही। ग्राम हतोडा के सरपंच पप्पू रघुवंशी ने विशेष योगदान दिया। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों को रक्त परीक्षण करवाने के लिए प्रेरित किया और रक्त परीक्षण के लाभ ही बताए।

महाविद्यालय की इकाई के स्वयंसेवकों में सचिन अहिरवार, शिवराज परिहार, भूमि रघुवंशी, नेहा राजपूत, भारती पाल, परी ओझा, अभिलाषा रघुवंशी, ओम रजक, सुमित अहिरवार आदि ने अपना विशेष योगदान प्रदान किया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. बिंदेश शुक्ला ने कार्यक्रम में सहायता प्रदान की।

## रासेयो के 56वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम किया आयोजित

# शासकीय उमावि की रासेयो इकाई का कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 56 वे स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का अक्षत रोली एवं एनएसएस के बैच से स्वागत किया गया।

दिशा बुंदेला और आस्था जैन ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीके जग्गा जिला संगठक विदिशा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को गढने का कार्य करती है, उन्होंने इकाई द्वारा कि जा रही गतिविधियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अंजली झा वरिष्ठ स्वयंसेविका ने एनएसएस के राष्ट्रीय शिवरों के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी सुनील कुमार पिंगले एवं दीपक तिवारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता और युवाओं को समाज सेवा में भूमिका के बारे में बताया। प्राचार्य एमसी शर्मा ने जीवन में अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण कर उसके लिए संकल्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ सेवक के लिए गौरव शर्मा, अमित विश्वकर्मा, आयुषी दांगी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम में जिला संगठन को शाल, श्रीफल, माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सलोनी सेन, रागिनी सेन, खुशी विश्वकर्मा, जानकी विश्वकर्मा, मुस्कान अहिरवार, सुप्रिया अहिरवार, रानी लोधी, पिंकी कुशवाहा, शिवा मीणा द्वारा दी गई।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष सहयोग रामनाथ भोई, महेंद्र पंथी, आकाश अहिरवार, सचिन अहिरवार का रहा।

### पोषण माह का हो रहा आयोजन

**गंजबासौदा।** इन दिनों आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। सेक्टर उदयपुर के आंगनबाड़ी केंद्र उदयपुर में पोषण माह के दौरान महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और सजगता के लिए शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर सीमा ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी।

## धूमधाम से निकली कलश यात्रा



**गंजबासौदा।** ग्राम उदयपुर में नवरात्रि के पावन अवसर पर बड़े ही धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। नवरात्रि के अवसर पर देवाधिदेव महादेव की नगरी ग्राम उदयपुर की पावन धरा पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा वाचिका परम पूज्य विष्णुप्रिया श्रीधाम वृंदावन द्वारा कथा की जाएगी। जिसमें कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा नीलकंठेशवर महादेव मंदिर उदयपुर से प्रारंभ होकर मेन चौराहा होते हुए खजयाई बावड़ी, हनुमान मंदिर, घटेरा तिगड्डा होते हुए बिजासन माता मंदिर, शीतला माता मंदिर होते हुए माता महामाया मंदिर कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में डीजे की धुन पर अनेक भक्तगण नाचते चल रहे थे। वहीं महिलाएं एवं कन्याएं अपने सिर पर कलश रखकर यात्रा में साथ चल रही थीं।

# हमले के आरोपियों को तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने थाना नटेरन क्षेत्र के एक मामले में तीन आरोपियों को दोषी मानते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जून 2021 को फरियादी अरमान खां द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 6 जून 2021 को एक फावड़े को लेकर आरोपी रफीक से उसका विवाद हुआ था। गांव के एक व्यक्ति ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, बाद में इसी बात को लेकर आरोपी रशीद, उसके बेटे रफीक उर्फ आबिद और भोलू उर्फ जावेद के साथ-साथ उसकी बेटी बुल्लों ने एक राय होकर फरियादी के घर पर हमला कर दिया। रफीक और भोलू के पास कुल्हाड़ी थी, जबकि रशीद और बुल्लों के पास डंडे थे।

आरोपियों ने फरियादी पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला किया, जिससे उसके सीने, पेट और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। जब फरियादी की पत्नी उसे बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

मामले के विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक नरेंद्र व्यास के तर्कों और प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने तीनों पुरुष आरोपियों को दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपियों रशीद, रफीक और भोलू को धारा 326 सहपठित धारा 34 के तहत 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास और धारा 323 सहपठित धारा 34 के तहत 3-3 माह के सश्रम कारावास के साथ 2000-2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। उक्त जानकारी अपर लोक अभियोजक नरेंद्र व्यास द्वारा दी गई।

### विधायक सहित कांग्रेस नेताओं ने की एफआईआर वापस लेने की मांग

# एफआईआर से नाराज मरीज के परिजनों ने कलेक्ट्रेट घेर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई श्योपुर जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा के परिजनों और अस्पताल स्टाफ के साथ हुई धक्का मुक्की के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से जनपद अध्यक्ष के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई,इस एफआईआर के खिलाफ शुक्रवार को जनपद अध्यक्ष के परिजनों के साथ विधायक बाबू जंडेल और कांग्रेस के कई नेताओं ने प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।



शुक्रवार दोपहर 2 बजे के करीब वीर सावरकर स्टेडियम पर एकत्रित हुए आंदोलनकारी मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने पहले तो जमकर नारेबाजी की और कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही पर सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को निलंबित करने की मांग की। साथ ही जनपद अध्यक्ष के परिजनों पर हुई एफआईआर तत्काल वापस लेने की मांग की गई इस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद आंदोलनकारी शांत हुए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यपाल सिंह सिकरवार,कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता,जनपद अध्यक्ष रीना मीणा सहित बडी संख्या में कांग्रेसी और सामाजिक लोग मौजूद थे।

#### कलेक्टर नहीं आए तो धरना देकर बैठ गए आंदोलनकारी

मार्च निकालकर ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे आंदोलनकारी उस समय नाराज होकर धरना देकर बैठ गए जब कलेक्टर के बजाय डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ज्ञापन लेने पहुंचे। आंदोलनकारियो ने उनसे स्पष्ट कह दिया कि वे कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपेंगे अगर कलेक्टर नहीं आएंगे तो यही बैठ कर धरना देते रहेंगे। इसके बाद अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने आकर ज्ञापन लेने का प्रयास किया और आंदोलनकारियो को समझाया कि कलेक्टर वीसी में हैं उन्हें समय लगेगा तो आंदोलन कारियो ने बोल दिया कि चाहे पूरा दिन गुजर जाए वह यही बैठकर कलेक्टर का इंतज़ार करेंगे पर ज्ञापन तो कलेक्टर को ही देंगे जानकारी मिलने के बाद मीटिंग छोड़ कलेक्टर ज्ञापन लेने पहुंचे इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उनकी बातें गंभीरता से सुनी और जांच दल बनाकर सच्चाई का पता लगाने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

#### इनका कहना है...

मुझे घबराहट महसूस हो रही थी इसलिए मेरे परिजन मुझे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे जहां डॉक्टर ने मेरा बीपी नापने के बजाए मेरी नाक में नलची डाल दी जो जहर खा कर आने वाले मरीजों की नाक में डाली जाती है मैं पढ़ी-लिखी महिला थी मुझे इसकी जानकारी थी मैंने मना किया तो मेरे हाथ पकड़ कर जबरदस्ती नलची डाल दी गई इस पर मेरे परिजनों ने मेरे कहने पर नाक से नलची निकाल दी तो डॉक्टर उनसे लड़ने लगे, मुझे बिना इलाज के अस्पताल से लौटा दिया इसके बाद उल्टे मेरे परिजनों पर एफआईआर दर्ज करा दी।

**रीना आशीष मीणा**
**जनपद अध्यक्ष श्योपुर**

### बेटी का दाखिला सैनिक स्कूल में कराने की बात को लेकर हुआ विवाद

# कन्या छात्रावास की अधीक्षक को शिक्षक पति ने पीटा, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शासकीय अनुसूचित जन जाति कन्या छात्रावास श्योपुर की अधीक्षिका मिथलेश मीणा की उसके शिक्षक पति ने मारपीट कर दी। विवाद बेटी का दाखिला सैनिक स्कूल में कराने की बात को लेकर हुआ। मारपीट के बाद अधीक्षिका ने कोतवाली थाने पहुंचकर पति के खिलाफ मारपीट करने की एफआईआर दर्ज करा दी।




कोतवाली थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय अनुसूचित जन जाति कन्या छात्रावास श्योपुर की अधीक्षिका मिथलेश मीणा और उसके शिक्षक पति अजय मीणा के बीच गुरूवार की रात्रि के दौरान इनकी बेटी का दाखिला सैनिक स्कूल में कराने की बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि पति अजय मीणा ने पत्नी की डंडे से मारपीट कर दी। इससे अधीक्षिका को चोट आई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि इस मामले में मिथलेश मीणा की रिपोर्ट पर उसके पति अजय मीणा के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है।

# गसवानी पुलिस ने दबोचा गांजा तस्कर,1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गसवानी थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को दबोचने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट करने के बाद उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि गुरूवार की देर शाम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि झरना वाले हनुमान मंदिर ग्राम बिनेगा के पास एक गांजा तस्कार खडा है। जिसके पास बडी मात्रा में गांजा मौजूद है और वह गांजे को इस क्षेत्र के किसी व्यक्ति को सप्लाई करेगा। पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुखबिर के द्वारा दी गई सूचना पर दबिश देकर उक्त हनुमान मंदिर के पास से एक व्यक्ति को दबोच लिया है। जिसने पूछताछ के दौरान अपना नाम हरिकिशन धाकड निवासी सहसराम बताया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 15 हजार रूपए के आसपास बताई गई है। आरोपी को मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# हर्षोल्लास के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार:अर्पित

**विजयादशमी उत्सव एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर बैठक आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन एवं विजयादशमी पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी त्यौहार मनाये जायें। उन्होने सभी से अपील की कि सोशल मीडिया पर अनावश्यक आपत्तिजनक पोस्ट न की जायें तथा भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये जाये।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि त्यौहारो के अवसर पर आयोजित चल समारोह, जुलूस के दौरान मार्गो की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें तथा विधुत मंडल निर्धारित मार्गो पर बिजली के तारों को व्यवस्थित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। 2 अक्टूबर को दशहरा उत्सव के लिए मेला मैदान पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा दशहरा उत्सव समिति के समन्वय से लोहे की जाली से बेरीकेटिंग की व्यवस्था की जायें। इसके साथ ही 02 अक्टूबर को नवदुर्गा विसर्जन के लिए पंडित घाट एवं बंजारा डैम पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।




#### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 29 को

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में गौशाला परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 29 सितंबर को आयोजित की गई है। उप संचालक पशुपालन डॉ आरके त्यागी ने बताया कि बैठक में मनरेगा द्वारा निर्मित गौशालाओं के पंजीयन के साथ ही जिले में चारागाह विकास पर चर्चा की जायेगी तथा सभी गौशालाओं में बिजली, पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में कार्य योजना तैयार की जायेगी।

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि 02 अक्टूबर को नवरात्रि के समापन तथा दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन एवं विजयदशमी जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किये जायेंगे। इसके अलावा रावण दहन स्थल मेला मैदान पर भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जायेंगी। बैठक में जानकारी दी गई कि विजयदशमी का जुलूस 02 अक्टूबर को शाम 4 बजे से लक्ष्मीनारायण मंदिर टोडी गणेश जी से शुरू होगा, जो शाम 6.30 बजे तक श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पहुंचेगा, इसके पश्चात जुलूस मेला मैदान जायेगा, जहां लगभग 8 बजे रावण दहन होगा। बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण कुमार भूरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, मिथलेश तोमर, दिनेश दुबोलिया, कांशीराम सेगर, शिशुपाल मीणा, दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, सुजीत गर्ग, रामलीला समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, जिला संयोजक बजरंग दल कुलदीप सिंह सिसौदिया, जिला महामंत्री विश्व हिन्दु परिषद विष्णु कुमार गर्ग, मोहम्मद चीनी कुरैशी, मोहम्मद साबिर अली, उमा शर्मा, कैलाश गर्ग, जिला व्यापार संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, दशहरा समिति के महासचिव नकुल जैन, चेतन खण्डेलवाल, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# डिप्टी कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी से अनुपस्थित मिले दो डॉक्टरों को नोटिस दिए गए है। दरअसल शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। ओपीडी में उन्हें कुछ डॉक्टरों की कुर्सियां खाली और कक्ष के बाहर मरीज डॉक्टरों का इंतजार करते मिले। मरीजों ने डिप्टी कलेक्टर को बताया कि वे काफी देर से डॉक्टर के आने का इंतजार कर रहे है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल से जानकारी ली तो उन्होंने दो डॉक्टरों के अनुपस्थित तथा कुछ डॉक्टरों के राउंड पर होने की बात कही। इस डिप्टी कलेक्टर ने सिविल सर्जन को अनुपस्थित दोनों डॉक्टरों को नोटिस जारी करने और राउंड पर कौन कौन डॉक्टर थे,इस संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिए है। डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने बताया कि इस तरह जिला अस्पताल का निरीक्षण आगे भी किया जाता रहेगा, जो डॉक्टर डयूटी पर नहीं मिलेंगे,उन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शामिल हुए देवरी के फौजी लवकुशी यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित हो रही एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में विजयपुर देवरी के फौजी लवकुश यादव को भी भागीदारी करने का मौका मिला है। बताया गया है कि इस प्रतियोगि में दुनिया के 102 देशों के एथलेटिक्स शामिल होगे। इसमें लवकुश के शामिल होने से विजयपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरी का नाम रोशन हुआ है। बता दें कि देश सेवा में अपना योगदान दे रहे लवकुश यादव ने पिछले दिनों छिमछिमा हनुमान मंदिर पर आयोजित यादव समाज की बैठक में समाज की एकता को मजबूत बनाने के लिए अहम योगदान दिया था।



# जलावर्धन योजना: पार्वती नदी पर बनने वाले एनीकेट के लिए राजस्थान के अधिकारियों ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा पिछले दिनों आयोजित एमपीयूडीसी की बैठक में श्योपुर और बडौदा की जलावर्धन योजना को लेकर दिये गये निर्देशो के क्रम में अधिकारियों के समन्वय से शुक्रवार को राजस्थान के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पार्वती नदी पर बनने वाले एनीकेट स्थल का दौरा किया। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन के अधीन कार्यरत उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की चंबल इकाई के अधिकारी भी मौजूद रहें।



जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग, द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से श्योपुर एवं बड़ौदा नगर में हर घर नल से जल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत पार्वती नदी पर इंटेक वेल एवं एनीकट का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे इन नगरों में सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। चूंकि पार्वती नदी एक अंतर्राज्यीय नदी है, अतः एनीकट निर्माण के लिए राजस्थान सरकार की अनापत्ति को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान सरकार के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने परियोजना कार्यान्वयन इकाई एवं परियोजना प्रबंधन सलाहकार टीम के साथ पार्वती नदी पर प्रस्तावित एनीकट स्थल का दौरा किया। राजस्थान सरकार की ओर से इस निरीक्षण दल में कार्यकारी अभियंता आरके मीणा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की ओर से सहायक परियोजना प्रबंधक रामबरन त्यागी ने टीम का नेतृत्व किया। यह निरीक्षण एनओसी प्रक्रिया को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही प्रशासनिक अड़चनों को दूर किया जा सकेगा। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी एवं राजस्थान जल संसाधन विभाग के मध्य समन्वय से जलावर्धन योजना के कार्य में गति आयेगी।

### शिविर में 11 गर्भवती मिली गंभीर एनीमिक, एक टीबी से ग्रसित

श्योपुर। स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसराम पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आए 268 मरीजो की जाँच व इलाज किया गया, कैंप में कुल 1766 महिलाओं की जाँच की गईं जिनमें से 82 गर्भवती के हीमोग्लोबिन जाँच में 11 गंभीर एनीमिक मिली जिन्हें आयरन सुक्रोज लगाया गया, 10 महिलाओं की एक्सरे की जाँच की गईं जिसमें से एक मरीज की टीबी रोग से ग्रसित मिली जिसकी दवा शुरू की गईं। एक कुष्ठ के मरीज भी चिन्हित कर दवा शुरू की गईं। इसके अलावा अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए लगाए गए ब्लड डोनेशन कैंप में 18 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। मेडिकल दल में डॉ ए आर करोरिया मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ संजय मंगल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ अंजू डगोलिया स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ राधिका मित्तल दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ नीरज माहौर नेत्र रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे इस अवसर पर डॉ महेश चंद शर्मा चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र सहसराम ,डॉ रिंकू बघेल ,बी ई ई साहिब कुरैशी, अनिल बंसल, रामनरेश जाटव सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा ।



### नाले को लेकर एनएचएआई और नगर पालिका फिर आमने सामने

# एनएच बोली नपा ने बिना अनुमति तोड़ा नाला, सीएमओ ने कहा आरोप झूठे, उलटा हमारा कर दिया करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एनएचएआई और नगर पालिका प्रशासन एक बार फिर आमने सामने हो गया है। पहले यह दोनो विभाग नाला निर्माण को लेकर आमने सामने हुए थे, लेकिन अब यह दोनो विभाग बने बनाए नाले को बिना अनुमति तोडने की बात को लेकर आमने सामने हो गए है। एनएचएआई के अफसर नगर पालिका परिषद पर शहर के शिवपुरी रोड पर उनके नव निर्मित नाले को बिना अनुमति तोडने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे है। जबकि नगर पालिका के सीएमओ एनएच के अधिकारियों के आरोप को गलत बताते हुए कह रहे है कि हमने एनएच का कोई नाला नहीं तोडा है,बल्कि एनएच वालों ने हमारे शहर में बने बनाए नाले तोडकर हमारा करोडो का नुकसान कर दिया है।



#### कांग्रेसी पार्षद कर रहे सड़क का विरोध

एनएचएआई के अधिकारी जिस सडक के निर्माण के नाम पर उनके नाले को तोडने की बात कह रहे है,नपा द्वारा बनाई जा रही उस सडक का नगर के कांग्रेसी पार्षद भी विरोध कर रहे है। कांग्रेसी पार्षद विधायक की अगुवाई में इस मामले को लेकर एक ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की मांग कर चुके है।

दरअसल शहर के शिवपुरी रोड पर एनएचएआई के द्वारा दोनो तरफ नाले बना दिए गए है। शिवपुरी रोड पर अब बढाई गई सडक का निर्माण किया जा रहा है। इधर नगर पालिका के शहर के शिवपुरी रोड से बायपास रोड तक एक सडक बनाने जा रही है। इस सडक का नगर पालिका के कांग्रेसी पार्षद विरोध कर रहे है।अब एनएच के अधिकारियों का कहना है कि नगर पालिका ने इस रोड का निर्माण करने के लिए शिवपुरी रोड पर हमारा नव निर्मित नाला करीब 10 मीटर लंबाई में बिना किसी अनुमति के तोड दिया गया है। जिससे हमारा विभागीय नुकसान हो गया है,क्योंकि इस बने बनाए नाले को अब दोबारा कौन बनाएगा।

#### बिना अनुमति तोड़ा हमारा नवनिर्मित नाला:अवस्थी

एनएचएआई के एसडीओ विजय अवस्थी का कहना है कि शहर के शिवपुरी रोड पर हमने दोनो तरफ नाला निर्माण कर दिया है। लेकिन शिवपुरी रोड पर जिस जगह से नगर पालिका अपनी बायपास सडक बना रही है,उस जगह बने हमारे नाले को करीब 10 मीटर लंबाई में बिना अनुमति तोड दिया गया है। बिना अनुमति नाले को तोड देने संबंधी मामले को लेकर हमने हमारे अधिकारी एनएच के कार्यपालन यंत्री को पत्र लिख दिया गया है। पत्र के माध्यम से कलेक्टर को भी इस संबंध में अवगत कराया जाएगा।

#### हमारे 4 करोड़ के नुकसान को कौन भरेगा :यादव

इस मामले में नगर पालिका श्योपुर के सीएमओ आरआर यादव ने एनएच के अधिकारियों के द्वारा बिना अनुमति नाला तोडने के आरोप को गलत बताते हुए कहा कि हमने एनएच का कोई नाला नहीं तोडा है,बल्कि एनएच वालों ने हमारे शहर में जल निकास के लिए बनाए गए नाले बिना अनुमति तोड कर बर्बाद कर दिए है। जिससे नगर पालिका को करीब 4 करोड रूपए नुकसान पहुंचा है। हमारे इस नुकसान को कौन भरेगा।हमने इस मामले में एनएच के अधिकारियों को वकील के माध्यम से नोटिस जारी करवा दिया है।

# पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल,पुलिस ने सीखा आंसू गैस और लाठीचार्ज का सही इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर पुलिस ने त्योहारी सीजन की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में बलवा नियंत्रण का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया। इस अभ्यास में थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान दो टीमें बनाई गईं। एक टीम पुलिस की थी और दूसरी टीम ने बलवाइयों की भूमिका निभाई। अभ्यास में बलवाइयों की टीम ने पथराव और उपद्रव का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पहले चेतावनी दी। चेतावनी का असर न होने पर नियंत्रित तरीके से लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा और बलवा की स्थिति में भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें गैस गन, ग्रेनेड और आंसू गैस के गोलों के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। साथ ही लाठियों के उचित प्रयोग का अभ्यास कराया गया। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण नवरात्र, दशहरा सहित अन्य धार्मिक जुलूसों को ध्यान में रखकर कराया गया है। इससे आपात स्थिति में पुलिस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर सकेगी। लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एसपी ने कहा कि यह अभ्यास इसी उद्देश्य से कराया गया है।



# किसान की संदिग्ध मौत पर ग्रामीणों ने पैदल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



खिमलासा थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा गनपत निवासी 40 वर्षीय किसान करतार सिंह ठाकुर पिता हरिभाऊ ठाकुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण शुक्रवार दोपहर बीना पहुंचे और सामूहिक रूप से एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही ग्रामीणों ने सर्वोदय चौक से अंबेडकर तिराहे तक पैदल मार्च निकालकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मांग रखी कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। थाना प्रभारी ने आश्वासन पर प्रदर्शन शांत हुआ। इस संबंध में खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल का कहना है कि मृतक की टुडी के पास चोट का निशान था। जिसे ग्रामीण आधार मान कर संदिग्ध मौत होना बता रहे है। मृतक का पीएम कराया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। ग्रामीणों को मामले की निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया गया है। **क्या था मामला-** गौरतलब है कि करतार सिंह ठाकुर 22 सितंबर की सुबह घर से खेत जाने की कहकर निकला था। जिसका दूसरे दिन 23 सितंबर को उसका शव सुबह करीब 9 बजे गांव के समीप नारला शाहू नाले किनारे एक पेड़ से लटका मिला था। मृतक के पेट पर चोट के निशान भी पाए गए, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। सूचना पर एफएसएल टीम ने जांच की और पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया था। ज्ञापन देने वालों में इंदर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, कृष्णकांत सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, हनुमंत सिंह, बुंदेल सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खिमलासा थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर 2 ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात, जांच पड़ताल शुरू

बीना। खिमलासा थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। फांसी लगाकर आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। वहीं पीएम के बाद परिजनों को शव सुपुर्द किए है। पुलिस ने बताया कि ग्राम लहटवास निवासी ग्राम चौकीदार सतीश पिता बाबूलाल राय उम्र 38 वर्ष ने रात में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह परिजनों ने जब फांसी के फंदे पर सतीश को लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पीएम कराया गया। वहीं दूसरे मामले में सदरपुर निवासी गजेंद्र प्रताप पिता भगत सिंह लोधी, उम्र 20 वर्ष जो पेशे से किसान था, ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर रात जब घरवालों ने कमरे से आहट सुनी तो देखा कि वह रस्सी के सहारे फंदे पर लटका हुआ है। जिसकी सूचना को दी गई।




## दिनारा के मंयक और मिथुन ने रचा इतिहास, वर्ग-2 परीक्षा में हासिल की सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के करेरा तहसील के ग्राम दिनारा के मंयक तिवारी और बी एम सी कोचिग संचालक मिथुन राजपूत ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मंयक तिवारी, मिथुन राजपूत का चयन वर्ग-2 पद के लिए हुआ है। विशेष बात यह है कि घर पर रहकर ही अपनी पढ़ाई की और निरंतर मेहनत करते हुए यह सफलता पाई। साधारण परिवेश से आने वाले मंयक तिवारी,मिथुन राजपूत ने यह साबित किया है कि अगर इच्छाशक्ति और लगन हो तो संसाधनों की कमी भी मंज़िल तक पहुँचने से नहीं रोक सकती। मंयक तिवारी,मिथुन राजपूत की इस सफलता से पूरे दिनारा ग्राम सहित क्षेत्र में खुशी की लहर है। दिनारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और पत्रकारो,मित्र मंडल के लोगों ने उसे बधाइयाँ दीं और इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया ग्रामवासियों का कहना है कि मंयक तिवारी मिथुन राजपूत की उपलब्धि से अन्य युवा भी शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित होंगे

# करैरा वनपरिक्षेत्र में वन भूमि की जुताई पर ट्रैक्टर को जब्त करने की कार्रवाई की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र करैरा के वन चोकी दक्षिण अमोला के अंतर्गत बीट अमरपुर अवैध उत्खनन पर नियंत्रण रखने के दौरान वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर मोटरसाइकिल जब्त की है। वनपरिक्षेत्राधिकारी के निर्देशन में सबरेंज खोड के अंतर्गत बीट अमरपुर में अवेध तरीके से ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल व वन विभाग में जुताई करते हुए वन विभाग की टीम ने पकड़ा।

ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल को कार्यवाही कार्यवाहक करेरा रेंज के रेंजर लक्ष्मण मीणा और बलिराम डिप्टी राजाराम डिप्टी साहब कुमरदीप कुलदीप गौर साहब बेड गार्डन मनोज खंडे कल्याण धाकड़ सत्येंद्र उपाध्याय विनय वाल्मीकि नंदराम सूरज कुणाल सौरभ तिवारी द्वारा की गई। जब्त वाहन को वन अपराध प्रकरण कायम कर खोड वनचौकी में सुरक्षित रखा गया।

# खाद वितरण को लेकर फिर हुआ हंगामा, 1800 बोरी खाद का हुआ वितरण, कई खाली हाथ लौटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

बिहरना स्थित स्टेट वेयरहाउस में शुक्रवार को खाद वितरण के दौरान भारी हंगामा हुआ। सुबह से ही किसान लंबी कतारों में खड़े रहे। जिनमें से कई किसानों को खाली हाथ ही लौटना पड़ा। किसानों का आरोप था कि खाद वितरण व्यवस्था पूरी अव्यवस्थित है। इस दौरान किसानों और अधिकारियों में बहस भी हुई। किसान नेता सीताराम मौके पर पहुंची डीएमओ नीलम राय से बहस करते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिससे फसलें तरह प्रभावित हो रही हैं। जवाब में डीएमओ कई बार नीलम राय ने बताया कि भीड़ अधिक होने के कारण समस्या आ रही है। ठाकुर ने जिनके दस्तावेज पूरे है उन्ही को खाद दी जा रही है। तहसीलदार डॉक्टर अंबर पंथी ने बताया कि किसान अधिक थे और खाद की बोरी 1800 का वितरण किया गया है।



## वरिष्ठ दिव्यांगजन जांच शिविर में विधायक पिछोर हुए शामिल

**शिवपुरी।** पिछोर जनपद पंचायत कार्यालय में गतदिवस राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ दिव्यांगजन हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में एलिम्को की विशेषज्ञ टीम द्वारा पिछोर एवं खनियाधाना क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी वरिष्ठजनों की जांच कर उन्हें बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन, व्हीलचेयर सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकित किया गया। शिविर के दौरान 150 वरिष्ठजनों का पंजीयन किया गया, जिनमें चिन्हित सभी हितग्राहियों को आगामी तिथि पर शासन द्वारा निःशुल्क उपकरण वितरित किए जाएंगे। विधायक श्री लोधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग को योजनाओं के माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। पिछोर क्षेत्र के विकास को मेरी प्राथमिकता है। बीते दो वर्षों में जो कार्य किए गए हैं, वे आप सबके सामने हैं और आने वाले समय में भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत रहूंगा। वरिष्ठजनों को फल-फ्रूट पैकेट वितरित किए तथा जनमन आवास प्रेरकों को टोपी एवं टीशर्ट प्रदान कर सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नरवर प्रवास की तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 सितम्बर को नरवर प्रवास एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन की तैयारियों का जायजा आज कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल और उससे जुड़े समस्त प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चौधरी ने कृषि उपज मंडी नरवर में बनाए जा रहे सभास्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, बैठने की समुचित व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी आवश्यक तैयारियों का परीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी व्यवस्थाएँ समय रहते पूर्ण हों और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में किसी प्रकार की कमी न रहे।

इस अवसर पर करैरा विधायक रमेश खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, डीएफओ सुधांशु यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, एसडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव मूले, एसडीएम करैरा शिवदयाल धाकड़ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संदीपनी स्कूल नरवर के नवीन भवन का अवलोकन किया। उन्होंने हेलीपैड की व्यवस्थाओं, सुरक्षा बलों की तैनाती, हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच मार्ग, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण किया। सीएमओ नरवर को विशेष रूप से साफ-सफाई और पेयजल आपूर्ति पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

## आज से 6 दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी, 3 अक्टूबर को खुलेगी

**बीना।** दुर्गा अष्टमी, नवमी, दशहरा पर्व सहित सामान्य अवकाश होने के कारण आज से कृषि उपज मंडी 6 दिन के लिए बंद रहेगी। अब कृषि उपज मंडी 3 अक्टूबर को ही खुलेगी। कृषि उपज मंडी समिति सचिव के द्वारा पत्रानुसार 25 सितंबर को हम्माल संघ द्वारा दिए गए आवेदन पर विचार उपरांत 29, 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को कलेक्टर के द्वारा जिले में दुर्गा अष्टमी एवं दुर्गा नवमी का सामान्य अवकाश घोषित करने एवं 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं दशहरा का अवकाश रहेगा। इसके अलावा 27 सितंबर शनिवार एवं 28 सितंबर को रविवार को मंडी का सामान्य अवकाश होने के कारण 2 अक्टूबर तक मंडी में डाक नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी सचिव ने कृषक बंधुओं से अपील की है कि मंडी बंद के दौरान कृषक अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए मंडी में न लावें।

## ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने की दिलाई शपथ, विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

# ग्राम बरदौरा में स्वदेशी जागरण सप्ताह के तहत हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान एवं स्वदेशी जागरण सप्ताह के माध्यम से ग्राम बरदौरा में स्वदेशी अपनाओं को लेकर शपथ एवं रक्तदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। ग्राम की महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया द्वारा प्रोत्साहन उपहार भेंट किए गए। प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि गोद ग्राम अर्थात गोद लिए गांव के विकास के लिए हम सदैव कृत संकल्प हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने सभी ग्रामीण महिलाओं एवं उपस्थित



जनों को स्वदेशी अपनाओ के संबंध में शपथ दिलाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा से अवगत कराते हुए कहा कि हम सभी को अपने देश, अपने प्रदेश में तैयार की गई वस्तुओं का उपयोग करना है। नवीन नामदेव ने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि आपको रक्तदान अवश्य करना चाहिए। यह भाव आपके मन में आना चाहिए कि हम दूसरों के कल्याण में अपना योगदान दें तभी मानव जीवन की सार्थकता है। यदि आप रक्तदान करेंगे तो आपका स्वास्थ्य चेकअप समय-समय पर होता रहेगा। कार्यक्रम में डॉक्टर आशीष गुप्ता, नीता नामदेव, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, ग्रामीण महिलाओं में लक्ष्मी, अनीता, संतोष रानी, गोमती, विनीता, बबली, गीता, संध्या, कौशल्या एवं छात्राओं में महिमा, नीलम, आयुषी, शिवानी, नैंसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर रक्तदान शिविर किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर एक रक्त दान शिविर का आयोजन जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में किया गया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत श्विकसित भारत विषय पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया गया ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमे मुख्य अतिथि डॉण दीपक मिश्रा द्वारा उनके सम्पूर्ण जीवन और उनके सेवा कार्यो पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता मोनेश जैन ने बताया कि पंण दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद जैसे महान जीवन दर्शन के प्रणेता थे । संस्था के सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष एमण्केण नेमा ने छात्र दृ छात्राओं को बताया की जीवन की विषम परिस्थितियों में रह कर भी राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया । प्राचार्य डॉण बीण्केण गुप्ता ने कहा की सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के छात्रों ने रक्त दान के माध्यम से समाज सेवा में अपना योगदान किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के डॉण टैगोर एवं डॉण नितिन गुप्ता भी उपस्थित रहे द्य डॉण नितिन गुप्ता द्वारा हृदयघात होने पर सीण्पीण्सीण्आरण कैसे दी जाती है इस पर छात्र दृछात्राओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर संस्था के मनीष वैद्यए सचिन शर्माए आशु गुरहा आदि रहे मौजूद।

## धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सुधासागर महाराज ने कहा...

# नशा बहुत खराब है जिंदगी को कर देता है बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कुछ योग्यता पराधीन होती है आप गलत वस्तु का भी त्याग नहीं कर पाओगे मेने स्मैकचीयो को तड़पते हुए देखा है वह खुद कह रहा है कि ये नशा बहुत ख़राब है जिंदगी वरवाद कर देता है पाप के लिए भी करेगा तो धर्म ही करेगा मान लो एक व्यक्ति कहा रहा है कि मेरे पास चोरी के दस लाख रुपए छात्रावास को देना चाहते हैं, कितने लोग तुम्हारे दुकान से समान ले जा रहे हैं वह हिंसा में किस चीज में प्रयोग करेंगे आप कुछ नहीं पूछते जो कहा कर दिया आप पूछ भी नहीं सकते क्योंकि येसा करने से आपको कानून रोकता है। चोरी के पैसे में भी नीति कहती हैं एक पाप से तो हम वचा सकते हैं

**चोरी तो बड़ा पाप है ही।**

धन कमाने में कोई ना कोई पाप जरूर होगा ये भगवान को भी मालूम है कुछ नहीं तो आरंभ परिग्रह से ही धन आयेगा।धन धन्य को पाप में लिया है पाप को धर्म में बदल लेना पाप को धर्म संज्ञा दिला देना सय स्वस्याती सवर्गो दानम्‍ दान को हमेशा ही महान कहा गया है उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।





### मां को बेटा कब याद करता है, जब उसे आवश्यकता होती है

उन्होंने कहा कि मां को बेटा कव याद करता है जव उसे आवश्यकता होती है गुरु के बुलावे से नहीं आता आज विना बुलाये आया है तो कुछ बात तो है मां से बाप से गुरु से मांगने में कोई सर्म नहीं करना भगवान के गुरू के दरवाजे मांगने बाले भिखारी नहीं भक्त कहलाते हैं तेरी सकल दिख रही है कि तू परेशान हैं बोल क्या परेशानी है नहीं भगवन देखो मैं मुट्ठी भर देने आया हूं जव तक भगवान के दर पर देने जाते रहोगे आप कभी गरीब नहीं हो सकता मन्दिर भगवान का वनता है और भक्त वनाता है अभी तो भक्त में दम है भक्त लोहे की गाड़ी में घुमाते हैं और भगवान को चांदी के रथ में घूमता है जैनी की पहचान है कि संसार के कार्य में गरीब वन जाता है और परमार्थ के काम में अमीर वन जाता है नव्वे प्रतिशत लोग वे हैं जो शक्ति से ज्यादा देते हैं जिनके शक्ति नहीं है फिर भी जो कार्य महाराज ने कहा है तो मुझे इस काम को करना है आप देव शास्त्र गुरु के सामने आप अमीरी दिखाओगे तो आप अमीर हो जाओगे यही तो रहस्य है कि हर भक्त आज अमीर है गुरु की नजर आप पर हैं गुरु की दृष्टि में आप अमीर हो गुरु की दृष्टि में इतना योग्य हूं कि मै मन्दिर वना सकता हूं बेदी वन सकता हूं छात्रा वास में एक वच्चे को गोद ले सकता हूं । मैंने कभी किसी को आदेश नहीं दिया भक्तो में आदेश नहीं देता जव मेरे उपदेश में इतनी दम है कि हर काम हो जाता है तो मैं आदेश दूं मैं आदेश नहीं दूंगा।

**तीन दिवसीय स्नातक परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन कल से होगा**

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ क्षुल्लक श्री गम्भीर सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में 27सित से तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्नातक परिषद का सम्मेलन ध्वज स्थान के साथ होगा। तीन दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में आगंतुक विदत जन अपने विचार से जन समूह को अवगत करायेंगे।